संदर्भ शर्तें

प्रयोगशाला परामर्शदाता (पद की संख्या-1) **(राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन),**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर उपर्युक्त उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

- केंद्र तथा राज्यों में समय-समय पर सहमति के अनुसार 'राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम' के कार्यान्वयन और इसके लक्ष्यों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- पहल के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रयोगशाला सेवाओं के प्रबंधन हेतु संबंधित व्यक्ति की सहायता करना।
- इस पहल के तहत सभी प्रयोगशालाओं में मानक संचालन प्रक्रियाओं, बायोमेडिकल-अपशिष्ट प्रबंधन और जैव-सुरक्षा दिशानिर्देशों और आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण के कार्यान्वयन और बाहरी गुणवत्ता मूल्यांकन योजना (ईक्यूएएस) में भागीदारी सुनिश्चित करना।
- साइट के दौरे के माध्यम से पर्यवेक्षण करना और पहल के तहत राज्य और जिला प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- एनवीएचएमयू को राज्य और जिला प्रयोगशालाओं में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों के संबंध में समय पर रिपोर्ट प्रस्तुति सुनिश्चित करना ।
- पहल के तहत जिला प्रयोगशालाओं और राज्य रेफरल प्रयोगशाला नेटवर्क के कार्य संचलन की नियमित निगरानी और इसके लिए आईडीएसपी के साथ समन्वय करना।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तत्पर हों और सौंपे गए कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने हेतु एक साथ विभिन्न कार्य करने की क्षमता।
- वायरल हेपेटाइटिस के लिए तीव्र अनुक्रिया दल (आरआरटी) के सदस्य के रूप में जैसे और जब भी आवश्यक हो महामारी / प्रकोप जांच में भाग लेना और नमूनों के संग्रहण और परिवहन के लिए सहायता प्रदान करना।
- वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए की गई पहल संबंधी साहित्य की समीक्षा करना तथा स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में वर्तमान रूझानों की अद्यतन जानकारी रखना।
- पहल के घटकों के संबंध में नियमित आधार पर राज्य और राष्ट्रीय डाटा एकत्रित करना और इनका विश्लेषण करना।
- पहल संबंधी जानकारियों (इनपुटों) को शामिल करते हुए तथा इन्हें समन्वित करते हुए राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पी आई पी), राज्य पीआईपी के लिए उत्तरदायी।
- कार्यक्रम के लिए बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।
- पहल के तहत जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण।
- समय-समय पर ईक्यूएएस से संबंधित सभी कार्यों में सहायता प्रदान करना।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल/दिशा-निर्देश तैयार करना और आवश्यकतानुसार अनुसंधान अध्ययन करना/या मार्गदर्शन करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन।

अनिवार्य अर्हता और अनुभव

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (एमसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस के साथ माइक्रोबायोलॉजी में स्नातकोत्तर योग्यता सहित चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी में 2 वर्ष का अनुभव

अन्य वांछनीय कौशल

- प्रासंगिक डाटा और दस्तावेजों को खोजने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट और वेब सर्फिंग जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर में दक्षता।
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर वैयक्तिक क्षमताएं, उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- एक बहु-विषयक टीम के वातावरण में कार्य करने की क्षमता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन में अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तत्पर हों और सौंपे गए कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने में सक्षम।

अधिकतम आयु सीमा

• विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 45 वर्ष ।

परिलब्धि की सीमा 60,000-1,20,000 प्रति माह

कृपया ध्यान दें:- पारिश्रमिक चयनित व्यक्ति की योग्यता के आधार पर निर्धारित किया जाएगा

आवेदन करने के लिए . अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **21-**Nov-2023